हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

11 सेक्टर-3 में कोठियों के बाहर बने अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया



12 25 गांवों में बकाया मुआवजे और बीमा क्लेम को लेकर प्रदर्शन






बरसात से बेहाल भूना में फंसे वाहन।

## लोगों को गर्मी से मिली राहत, पहली बारिश में ही बेपटरी हुई व्यवस्था

# प्री मानसून की बरसात ने भूना और जाखल में तोड़े रिकार्ड जाखल में 60 तो फतेहाबाद में 16 एमएम ही हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद/भूना

जिला में वीरवार को सुबह ही प्री मानसून ने दस्तक दी तो जाखल, रतिया, भूना व टोहाना के गांवों में जमकर बारिश हुई। जाखल और रतिया में शहर की निचली कालोनियां जलमग्न हो गई। लगातार दो घंटे हुई बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली। जाखल में 60 एमएम, टोहाना में 58, भूना में 40, कुलां में 15, रतिया में 12, फतेहाबाद में 16 व भट्टू में 8 एमएम बरसात दर्ज की गई। फतेहाबाद में सुबह बरसात के बाद धूप निकलने से लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। फतेहाबाद में दिनभर तेज धूप से लोगों के पसीने छूटते नजर आए। जाखल में वीरवार को मौसम ने अचानक से करवट ली। इससे क्षेत्र में जमकर बदरा बरसे। पिछले कई दिनों से पड़ रहीं प्रचंड गर्मी से बेहाल लोग बेसब्री से बरसात का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में वीरवार को क्षेत्र में हुई बारिश ने जहां आमजन को भीषण गर्मी से खासी राहत पहुंचाई हैं। अलसुबह से आसमान में काले-काले बादल नजर आए। इसके बाद एकाएक मौसम ने करवट ली। इससे जाखल और आसपास क्षेत्र में बारिश शुरू हो गई और मौसम सुहाना हो गया। इससे गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए बारिश अमृत बनकर आई है। इसके साथ ही जाखल में यह बारिश राहत के साथ आफत भी लेकर आई है। यहां बारिश ने विकास के दावों की पोल खोल दी है। प्री मानसून की पहली बारिश से ही शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। यहां तक कि शहर के निचले इलाकों में रह रहे लोगो के घरों में बरसाती पानी घुसने से 2-2 फुट तक पानी जमा हो गया। बरसात के कारण शहर के स्टेट बैंक रोड, मास्टर कालोनी, रुलदू कलोनी, पार्क रोड सहित कई इलाकों व गलियों में सीवर जाम होने से बरसात का पानी जमा हो गया। कई जगह बरसात का पानी घरों में घुस गया। विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद हालांकि पानी की निकासी शुरू हुई और शहर में कुछ समय बाद पानी कम होना शुरू हुआ।



### टोहाना में हुआ जलभराव, घुटनों तक भरा पानी

शहर में देर रात हुई तेज बारिश ने शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। बारिश के चलते रतिया रोड, दमकोरा रोड और जमालपुर रोड पर घुटनों तक पानी भर गया। सडक़ों पर जलभराव से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। शहर के रामनगर, अनाज मंडी, आजाद नगर, सदर थाना एरिया, हिसार रोड और भूना रोड पर भी हालात बदतर रहे। दुकानों और घरों में पानी घुसने से लोग रातभर परेशान रहे। नालियों की सफाई न होने से पानी निकासी ठप रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जन स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद हर साल दावे करती है, लेकिन हर बारिश में शहर तालाब बन जाता है। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वालों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। शहर में करोड़ों रुपए की लागत से जल निकासी के दावे किए गए थे जो पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे है।

### जिले में कहां कितनी हुई बरसात

| स्थान | बरसात |
|---|---|
| जाखल | 60 एमएम |
| टोहाना | 58 एमएम |
| भूना | 40 एमएम |
| फतेहाबाद | 16 एमएम |
| कुलां | 15 एमएम |
| रतिया | 12 एमएम |
| भट्टू | 8 एमएम |

### धान के लिए संजीवनी साबित हुई बरसात

यह बारिश धान उत्पादक किसानों के लिए संजीवनी साबित हुई है। बरसात होने से अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। इससे किसानों की खुशी स्वभाविक भी है, क्योंकि धान की फसल को पानी की अधिक आवश्यकता होती है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए इन दिनों में बारिश होने की भी अत्यंत जरूरत होती है। इस बारिश से धान की फसल को फायदा पहुंचा है। अभी तक वर्षा के अभाव में किसानों को इन दिनों अपनी धान की फसल के लिए पानी की समस्या हो रही थी। ऐसे में इस बारिश से किसानों को काफी लाभ हुआ है।

### सिरसा में भी आंधी-तूफान से नुकसान

**चोपटा।** क्षेत्र में बुधवार रात को आई जोरदार आंधी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आंधी से पेड़ो के साथ साथ सौर ऊर्जा के सीसे टूटकर दूर जा गिर रहे हैं। वहीं आंधी से रेतीले इलाके में फसलों को भी काफी नुकसान देखने को मिला। क्षेत्र के गांव रामपुरा ढिल्लों में आंधी से किसान राजबीर शर्मा के खेत में लगे सौर ऊर्जा के शीशे टूटकर दूर जा गिरे। जिससे उनको काफी नुकसान हुआ। शीशे टूटने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई। किसान बलवंत, महेंद्र, मानसिंह, रामपाल, सुल्तान सिंह का कहना है कि उन्हें नुकसान के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाए।

## पहली बारिश में भूना की निकासी व्यवस्था फेल

# धंसी सड़क पर पलटा रेता से भरा ट्राला व 7 वाहन भी फंसे

- शहीद भगत सिंह पार्क के पास खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत अधूरी रहने से बने हालात, बड़े वाहनों के लिए घंटों बना रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

मानसून की पहली ही बारिश ने शहर की बरसाती पानी निकासी व्यवस्था और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए। गुरुवार तड़के हुई बारिश के बाद बरसाती पानी निकासी पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क की मिट्टी धंस गई। देखते ही देखते सड़क दलदल में बदल गई और भारी वाहनों के गुजरते ही एक के बाद एक सात वाहन कीचड़ में फंस गए। इनमें यमुना रेता से भरा एक ट्राला पलट गया, जबकि कई ट्राले, कैंटर और कारें सडक़ में धंस गई। हादसे में ट्राला चालक रामनिवास को मामूली चोटें आई है। घटना के कारण सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाईवे-2 पर शहीद भगत सिंह पार्क के पास लंबे समय तक जाम जैसे हालात बने रहे। सूचना के बाद क्रेन मंगवाकर पलटे ट्राले को हटाया गया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। वहीं रतिया-जाखल मुख्य मार्ग पर भी बारिश का पानी भरने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, शहर में बरसाती पानी निकासी पाइपलाइन बिछाने के लिए कई स्थानों पर सड़क की खुदाई की गई थी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सडक़ की स्थायी मरम्मत करने के बजाय केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। गुरुवार सुबह करीब चार बजे हुई पहली बारिश में यही मिट्टी बह गई और सडक़ कई जगह बैठ गई। भारी वाहनों का दबाव बढ़ते ही सडक़ धंसने लगी, जिससे लगातार वाहन फंसते चले गए। सबसे अधिक समस्या शहीद भगत सिंह पार्क के पास सामने आई, जहां सिरसा-चंडीगढ़ और रतिया-जाखल मार्ग की क्रॉसिंग पर अंडरग्राउंड पाइपलाइन डाली गई थी। खुदाई के बाद सडक़ को पर्याप्त मजबूती नहीं दी गई, जिसके चलते दो वाहन पलट गए और कई अन्य वाहन घंटों तक फंसे रहे।

### अधिकारियों-ठेकेदारों पर लापरवाही का आरोप

नगरपालिका भूना के वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी ने कहा कि उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने संबंधित विभागों और ठेकेदारों को 15 जून तक बरसाती पानी निकासी के सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए थे, लेकिन धरातल पर तैयारियां पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा अब आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो इस मानसून में भी भूना शहर जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ सकता है। दोपहर बाद संबंधित एजेंसी ने धंसी हुई सडक को दोबारा मजबूत करने का कार्य शुरू किया, लेकिन पहली ही बारिश में सामने आई अव्यवस्थाओं ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रशासनिक तैयारियों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### हजारों की राशि सहित तीन जुआरी पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 3 आरोपियों को 23800 रूपए की जुआराशि सहित गिरफ्तार किया है। हुडा पुलिस चौकी प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि चौकी की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान चतरगढ पट्टी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर बड़े स्तर पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर सभी आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान रामजी लाल, सुनील कुमार व भानू निवासी चतरगढ़ पट्टी सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दस नशा तस्कर किए गिरफ्तार

- लाखों रुपये की हेरोइन चूरापोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से दस तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये की हेरोइन व चूरापोस्त बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने वीरवार को बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने कार सवार दो लोगों को आधा किलोग्राम अफीम सहित गांव मौजू की ढाणी, ऐलनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। तस्करों की पहचान राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी दयानंद व किशन सिंह के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान मौजू की ढाणी, ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने कार का पीछा किया और उन्हें दबोच लिया। कार की तलाशी लेने पर आधा किलो ग्राम अफीम बरामद हुई। रोड़ी थाना पुलिस ने 18 ग्राम हेरोइन सहित बाइक सवार दो आरोपियों पाला सिंह व गगनदीप सिंह गांव रोड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने गांव भावदीन क्षेत्र से एक महिला को आधा किलो ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने गांव गोदिकां क्षेत्र से अजय कुमार व राधेश्याम को सात ग्राम हेरोइन सहित दबोचा है।



सिरसा। पकड़े गए अफीम तस्कर। फोटो : हरिभूमि

# सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

- नगर परिषद कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी उल्टी झाड़ू लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा मानी गई मांगों के पत्र जारी न करने से नाराज नगर परिषद कर्मचारियों का आंदोलन और तेज हो गया है। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी नगरपरिषद के कर्मचारियों का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा। कर्मचारियों ने दोपहर को शहर के बाजारों में हाथों में उल्टी झाड़ थामकर सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इससे पहले आज सुबह सभी सफाई कर्मचारी और यूनियन पदाधिकारी नगर परिषद प्रांगण में इकट्ठा हुए। यहां सबसे पहले सरकार की कर्मचारी और दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ रोष सभा की गई। इसके बाद कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में जुलूस निकालते हुए बाजारों में निकल पड़े। इस दूसरे दिन के विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता भी इकाई प्रधान नरेश राणा ने की, जबकि मंच संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट द्वारा किया गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार ने लिखित सहमति के डेढ़ महीने बाद भी मांगों को ठंडे बस्ते में डाल रखा है, जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि 1 मई से 14 मई तक चली लंबी हड़ताल के बाद 13 मई को निकाय मंत्री और उच्च अधिकारियों के साथ बैठक में कच्चे कर्मियों को नियमित करने, ठेका कर्मचारियों का वेतन 15,220 रुपये तय करने और फायर ब्रिगेड कर्मचारियों का पे-स्केल 25,500 रुपये करने जैसी अहम मांगों पर सहमति बनी थी।




फतेहाबाद। मांगों को लेकर दूसरे दिन झाड़ू लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी।

### प्रमुख मांगें

कर्मचारी संघ ने मांग की है कि लंबे समय से कार्यरत कच्चे कर्मियों को नियमित किया जाए, ठेका कर्मचारियों का वेतन 15,220 तय कर बैंक के माध्यम से भुगतान हो, ठेका कर्मियों का पंजीकरण सीधे विभाग में दर्ज हो, फायर ब्रिगेड कर्मचारियों का पे-स्केल 25,500 करना और उन्हें पक्का किया जाए। आज के इस दूसरे दिन के प्रदर्शन में मुख्य रूप से राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड़, जिला प्रधान विजय ढाका, कोषाध्यक्ष वीरू रत्ती, उप प्रधान अमित गिल, ओम प्रकाश, सत्यवान टॉक और राज राम सहित भारी संख्या में सफाई कर्मचारी व यूनियन के पदाधिकारी मुख्य रूप से डटे रहे।

# एचटेट परीक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

- जिला के 24 परीक्षा केंद्रों पर करीब 550 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा चार व पांच जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। जिले के 24 परीक्षा केंद्रों पर करीब 550 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए ईआरवी, पीसीआर व राइडर लगातार निगरानी पर रहेंगे। एसपी साहब ने बताया कि परीक्षा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस नाके स्थापित किए जाएंगे,जहां से गुजरने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जाएगी। सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ ड्यूटी निभाने तथा असामाजिक एवं संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभ्यर्थियों के वाहनों की पार्किंग परीक्षा केंद्रों से 200 मीटर की दूरी पर निर्धारित स्थानों पर कराई जाएगी।



एसपी दीपक सहारण।

### दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात जिला पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास गहन जांच अभियान चलाया जाए तथा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए। साथ ही आसपास स्थित कोचिंग संस्थानों और संवेदनशील स्थानों पर भी विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए।

## सरपंचों की बैठक में पुलिस का आह्वान, सूचना देने वालों की पहचान रहेगी गोपनीय

# नशा तस्करों को भट्टू थाना प्रभारी की दो टूक चेतावनी किसी कीमत पर नहीं चलने देंगे नशे का कारोबार

- पुलिस और पंचायतों के संयुक्त प्रयास करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

भट्टू थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। गुरुवार को थाना परिसर में विभिन्न गांवों के सरपंचों की बैठक बुलाकर उन्होंने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस और पंचायतों के संयुक्त प्रयासों पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर नशे का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने सरपंचों से गांवों में सतर्क निगरानी रखने और नशा बेचने या तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



भट्टूकलां। सरपंचों की बैठक को संबोधित करते एसएचओ रणधीर सिंह।

### नशा परिवार और समाज को करता है प्रभावित

बैठक में रणधीर सिंह ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। पंचायत प्रतिनिधियों से युवाओं को जागरूक करने और नशा विरोधी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि नशा तस्कर या तो यह अवैध कारोबार छोड़ दें या फिर कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि पुलिस को मिलने वाली हर सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। आम नागरिकों से भी बिना किसी भय के पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।

# जोश-जुनून से भरपूर रोमांचक खेल फुटबॉल

बच्चो, इन दिनों सबसे पॉपुलर खेलों में से एक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से हो रहा है। 11 जून से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप 19 जुलाई को समाप्त होगा। क्या तुम जानते हो कि फुटबॉल की शुरुआत कैसे हुई, यह वर्तमान स्वरूप में कैसे पहुंचा? यहां हम इनके बारे में तुम्हें बता रहे हैं। साथ ही फुटबॉल के महान खिलाड़ियों और इससे जुड़े कुछ रोचक फैक्ट्स के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

स्पोर्ट्स नॉलेज
शिखर चंद जैन




बच्चो, फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में एक है। इसे 'द ब्यूटीफुल गेम' भी कहा जाता है। अधिकतर देशों में लोग फुटबॉल बड़े चाव से खेलते हैं। इन दिनों फुटबॉल की चर्चा इसलिए भी हर तरफ हो रही है, क्योंकि बीते 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। अरबों लोग इस खेल टूर्नामेंट को टीवी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रहे हैं। तुम भी अलग-अलग देशों की फुटबॉल टीमों के रोमांचक मुकाबले देख रहे होगे। हालांकि आज का आधुनिक फुटबॉल खेल हमेशा से ऐसा नहीं था। यह खेल हजारों वर्षों में कई बदलावों से गुजरकर अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचा है।

**प्राचीन काल में हुई शुरुआत:** फुटबॉल की शुरुआत लगभग 2,000 साल पहले चीन में खेले जाने वाले 'सु-जू' नामक खेल से मानी जाती है। इसमें खिलाड़ी चमड़े की गेंद को बांस के खंभों के बीच लगे जाल में पहुंचाने की कोशिश करते थे। इसके अलावा प्राचीन ग्रीस और रोम में भी गेंद से खेले जाने वाले कई खेल प्रचलित थे, जिन्हें आधुनिक फुटबॉल का शुरुआती रूप माना जाता है।


फुटबॉल जैसा खेल सु-जू


**ऐसे हुई वर्तमान स्वरूप की शुरुआत:** आधुनिक फुटबॉल की नींव इंग्लैंड में रखी गई। अक्टूबर 1863 को लंदन में फुटबॉल क्लबों की बैठक हुई, जहां पहली बार इस खेल के आधिकारिक नियम तैयार किए गए। इसी बैठक के बाद 'फुटबॉल एसोसिएशन' की स्थापना हुई। पहले खिलाड़ी हाथ और पैर दोनों से खेलते थे। लेकिन नए नियमों में तय किया गया कि गेंद को मुख्य रूप से पैरों से खेला जाएगा। यहीं से फुटबॉल खेल के वर्तमान स्वरूप की शुरुआत मानी जाती है। बाद में वर्ष 1904 में फीफा की स्थापना हुई, जो आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन और नियम तय करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

**फुटबॉल से जुड़े आविष्कार:** फुटबॉल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह समय के साथ विकसित हुआ। हालांकि कुछ लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। चार्ल्स गुडईयर ने 1855 में पहली रबर की फुटबॉल तैयार की। इससे पहले गेंद जानवरों के ब्लैडर से बनाई जाती थी, जो ज्यादा टिकाऊ नहीं होती थी। फुटबॉल के शुरुआती नियमों और इस खेल की संरचना को विकसित-व्यवस्थित करने में इंग्लैंड के कई फुटबॉल क्लबों एवं इस खेल से जुड़े प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रॉबर्ट एबट ने फुटबॉल के गोल पोस्ट और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण नियमों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। *

## विश्व के महान फुटबॉल-प्लेयर्स


**पेले:** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को 'किंग ऑफ फुटबॉल' और 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 1,000 से अधिक गोल किए। वे ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं।


**डिएगो मैराडोना:** अर्जेंटीना के खिलाड़ी डिएगो मैराडोना भी एक महान फुटबॉलर थे। उनका 'सदी का सबसे शानदार गोल' आज भी याद किया जाता है। फुटबॉल खेलने के दौरान उनकी ड्रिबलिंग अद्भुत थी।


**लियोनेल मेसी:** मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स बनाए। 2022 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्व कप जिताने में मेसी का महत्वपूर्ण योगदान था।


**क्रिस्टियानो रोनाल्डो:** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी फिटनेस, रफ्तार और हवा में ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारने के लिए मशहूर हैं। वे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।


**जिनेदिन जिदान:** फ्रांस के महान मिडफील्डर जिनेदिन जिदान अपनी शानदार तकनीक, बेहतरीन पासिंग और खेल की समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। इन्हें 'मैदान का जादूगर' कहा जाता था।

## इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स और रिकॉर्ड्स


फुटबॉलर हाकन शुकुर (व्हाइट जर्सी में)

**सबसे तेज गोल:** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड तुर्की के हाकन शुकुर के नाम है। 2002 फीफा विश्व कप में तुर्की के हाकन शुकुर ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच शुरू होने के सिर्फ 10.8 सेकेंड बाद गोल कर इतिहास रच दिया।

**सबसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप विजेता:** ब्राजील ने अब तक सबसे ज्यादा 5 बार फीफा विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।

**सबसे ज्यादा दर्शक:** 1950 विश्व कप के ब्राजील और उरुग्वे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को रियो डी जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अब तक के सबसे ज्यादा लगभग दो लाख दर्शकों ने प्रत्यक्ष देखा था।


छोटी कहानी
रवि प्रकाश

# किताब का जादू

कबीर कक्षा सात का एक ऐसा छात्र था, जिसे लोग 'नोटिस' ही नहीं करते थे। वह न पढ़ाई में सबसे आगे था, न खेलकूद में। उसे लगता- इस बड़े से स्कूल की भीड़ में वह एक खोया हुआ बच्चा है। जब शिक्षक कोई सवाल पूछते, जवाब पता होते हुए भी कबीर अपना हाथ नहीं उठाता। उसे डर लगता था कि कहीं सब बच्चे उस पर हंस न दें।

एक दिन बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। खेल का मैदान पानी से लबालब भरा था। कबीर स्कूल के पुस्तकालय के एक शांत कोने में जाकर बैठ गया। खिड़की पर बूंदें 'टप-टप' गिर रही थीं। अंदर पुरानी किताबों की एक सोंधी-सी महक फैली थी।

तभी उसकी नजर रैक के सबसे नीचे दबी एक फटी जिल्द वाली किताब पर पड़ी। उसने उसे बाहर निकाला। किताब का शीर्षक था- 'हौसलों की उड़ान: जिन्होंने दुनिया बदल दी।'

कबीर ने किताब पढ़ना शुरू किया। उसने पढ़ा कि महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन को बचपन में 'मंदबुद्धि' कहकर स्कूल से निकाल दिया गया था। कबीर ने इस किताब में यह भी पढ़ा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक नहीं दर्जनों बार चुनाव हारे थे। किताब के बीचों-बीच एक अनमोल वचन लिखा था- 'सूरज की तरह चमकने के लिए, पहले उसकी तरह जलना पड़ता है।' इस एक कथन ने कबीर के भीतर जैसे आत्मविश्वास का कोई सोता खोल दिया। उसे समझ में आ गया- प्रतिभा जन्म से नहीं, जिज्ञासा और मेहनत से आती है। उसने वह किताब पुस्तकालय से जारी करवाई और किसी खजाने की तरह संभालकर घर ले गया।

अब उसका खाली समय फोन या टीवी पर नहीं, प्रयोग करने में बीतने लगा। उसने अपने गांव का गंदा तालाब देखा और एक 'कम लागत वाला जल शोधक' (लो कॉस्ट वाटर फिल्टर) बनाने की ठान ली। घर के स्टोर रूम से पाइप, कोयला, कंकड़ और रेत इकट्ठा किया। कई बार पानी साफ नहीं हुआ। कई बार पाइप टूट गया और कमरे में कीचड़ फैल गया, लेकिन कबीर हारा नहीं, रुका नहीं। जब तब वह इस जादुई किताब के पन्ने पलटते रहता। बहुत कुछ जानता-सीखता। इनके आधार पर प्रयोग करता।



एआई इमेज

विज्ञान प्रदर्शनी के दिन कबीर का स्टाल सबसे पीछे था। बड़े-बड़े स्कूलों के बच्चे अपने महंगे-महंगे साइंटिफिक मॉडल लेकर आए थे। लेकिन जब निर्णायकों ने कबीर के साधारण से फिल्टर से गंदे नाले का पानी कांच जैसा साफ होते देखा-वे दंग रह गए।

जब बेस्ट इनोवेटर का पुरस्कार कबीर के नाम घोषित हुआ, तो मंच पर जाते समय उसका सिर गर्व से ऊंचा था। प्रिंसिपल ने पूछा, 'कबीर, यह प्रेरणा तुम्हें कहां से मिली?'

कबीर मुस्कुराया और बोला, 'सर, मुझे एक जादू की छड़ी मिल गई थी, जो पुस्तकालय की अलमारी में बरसों से मेरा इंतजार कर रही थी, उसी से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली।'

***सीख:** अच्छी किताबें केवल छपे अक्षर नहीं होतीं, वे बंद मस्तिष्क के ताले खोलने की चाबियां होती हैं। एक सही किताब हमारी जिंदगी की दिशा बदल देती है।* *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# सरल-सरस-मनोरंजक बाल कविताएं

कविताएं केवल मनोरंजन ही नहीं करें, गुदगुदाएं भी तो कहने क्या! कुछ इसी तरह का आनंद तुम्हें बाल साहित्यकार डॉ. सुरेश अवस्थी द्वारा रचित बाल कविताओं का संकलन 'बच्चों की फुलवारी' पढ़कर मिलेगा। इस संकलन में छोटी-बड़ी कुल 22 रोचक-मनोरंजक कविताएं हैं। संकलन की पहली कविता 'चूहे' बड़ी मजेदार है, इसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे घर में उधम मचाते हुए चूहे पानी से भरे घड़े में गिर जाते हैं, पापाजी की अलमारी से नोट उड़ा ले जाते हैं, लेकिन बिल्ली को आता हुआ देखकर अपनी जान बचाते हुए भागकर बिल में छिप जाते हैं। एक कविता में तुम पढ़ोगे कि बंदर मामा नकली पंडित बनकर ब्याह कराने तो बड़े मजे से आते हैं, लेकिन मंत्र न पढ़ पाने के कारण उन्हें हंसी का पात्र बनकर भागना पड़ता है। 'जलेबी' कविता में तो जलेबी को अन्य कई मिठाइयों की रिश्तेदार बताया गया है। उसे इमरती की बहन, रसगुल्ले की चाची, काला जाम की बुआ बताते हुए नरम-रसभरी कहा गया है। 'मेला' कविता में रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं, लड्डू-पेड़ा है, झूलों और खेल-खिलौनों का संसार है। 'बूढ़ी दादी' कविता में एक बच्चा पहले दादी से पके बाल, पिचके गाल और दांत न होने की बातें पूछता है फिर बड़े प्यार से 'करवा दो तुम मेरी शादी, बूढ़ी दादी-बूढ़ी दादी' कहकर कविता में रस घोल देता है। 'मेरी कलम', 'आई रेल', 'गुड़िया की ससुराल', 'रोज सवेरे', 'तितली' और 'छम-छम नाचे वर्षा रानी' जैसी कविताएं इतनी सरल हैं कि पढ़ते-पढ़ते ही तुम्हें याद हो जाएंगी। कौआ और लोमड़ी की कहानी को भी कवि ने कविता में ढालकर फिर से कौए को मूर्ख और लोमड़ी को चालाक बताया है। 'हमारा स्कूल', 'लट्टू' और 'मेरा घोड़ा' जैसी संग्रह की छोटी-छोटी कविताएं भी बहुत प्यारी हैं। *





**किताब:** बच्चों की फुलवारी (बाल कविता संग्रह), **लेखक:** डॉ. सुरेश अवस्थी, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** ईरा पब्लिशर्स, कानपुर


कहानी
संजीव जायसवाल 'संजय'

कमलापुर गांव में एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष था। एक दिन अचानक इस वृक्ष से ढोल की आवाजें आने लगीं। गांव वाले दहशत में आ गए कि बरगद के वृक्ष पर जिन्नों का डेरा हो गया है, वही ढोल बजाते हैं। लेकिन मुकुल को यह बात बड़ी अजीब-सी लगी। उसने इस रहस्य का सच सामने लाकर दम लिया।

# रहस्यमयी ढोल


एआई इमेज

कमलापुर गांव के बाहरी हिस्से में एक बहुत विशाल और पुराना बरगद का वृक्ष था। गांव के लोग उसे एक पवित्र वृक्ष मानते थे। इस वृक्ष के नीचे अपने धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उस वृक्ष को लेकर पूरे गांव में अफवाह फैल गई थी कि वृक्ष पर जिन्न रहने लगे हैं। लोगों ने डर के मारे उस तरफ जाना ही छोड़ दिया।

हुआ यह था कि एक रात गांव में बहुत तेज आंधी आई, इस आंधी में अचानक बरगद के वृक्ष की ओर से जोर-जोर से ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। अगले दिन पूरे गांव में अफवाह फैल गई कि रात में उस वृक्ष पर 'जिन्नों' का कब्जा हो गया है। वे रात में ढोल बजाकर नाच रहे थे, इसीलिए भयंकर आंधी आई थी।

अगली रात कुछ किसान खेतों में रखवाली कर रहे थे कि अचानक फिर ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। किसान घबराकर घर भाग आए। अब तो जितने मुंह उतनी बातें। लोगों ने डर के कारण उधर बरगद के वृक्ष के पास जाना छोड़ दिया। गांव के बच्चे डर के मारे शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे।

उसी गांव में चौदह साल का मुकुल रहता था। मुकुल को विज्ञान की किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हर बात के पीछे का कारण जानने की कोशिश करता था। उसे 'जिन्न' वाली बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ। उसने अपने विज्ञान के शिक्षक से सीखा था कि भूत-प्रेत-जिन्न सिर्फ भ्रम और अंधविश्वास होते हैं, असलियत में इनका कोई वजूद नहीं होता।

एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी राजू ने बताया, 'गांव के लोग वहां एक विशाल यज्ञ करवाने की सोच रहे हैं, ताकि उन जिन्नों को भगाया जा सके।'

'यह तो सरासर अंधविश्वास है, पैसों की बर्बादी भी! जब भूत-प्रेत और जिन्न होते ही नहीं, तो उन्हें भगाने के लिए यज्ञ कैसा? हम सब विज्ञान के छात्र हैं, हमें ऐसी दकियानूसी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।' मुकुल अपनी बात पर जोर देते हुए बोला।

'अगर जिन्न नहीं होते, तो फिर रात के सन्नाटे में ढोल कौन बजाता है?' पिंटू ने उसकी बात काटते हुए पूछा।

'अगर तुम लोग मेरा साथ दो, तो आज रात इस रहस्य का पता लगाया जा सकता है।' मुकुल बोला।

पहले तो राजू और पिंटू डर के मारे तैयार नहीं हुए, लेकिन मुकुल के हौसला बढ़ाने पर वे सब शाम को अंधेरा होने पर बरगद के वृक्ष की ओर चल दिए। चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। इसी के साथ बरगद के पेड़ से 'ढम-ढम ढमाक-ढम' की डरावनी आवाजें गूंजने लगीं।

'भागो! जिन्न आ गए!' राजू और पिंटू डर कर भागने लगे।


लेकिन मुकुल अपनी जगह पर खड़ा रहा। उसने राजू और पिंटू को रोका। मुकुल ने अपनी टॉर्च की रोशनी को बरगद की ऊंची डालियों की तरफ घुमाया। वहां का नजारा देख वह खिलखिलाकर हंस पड़ा फिर आवाज लगाई, 'दोस्तों! भागो मत, मैंने जिन्न को पकड़ लिया है!'

राजू और पिंटू ने सहमते हुए मुकुल की तरफ देखा। बरगद की एक मोटी और झुकी हुई डाल के बीच में एक बड़ा-सा ढोल फंसा हुआ था। जब-जब तेज हवा चलती, तो बरगद की एक दूसरी सूखी और भारी टहनी हवा के दबाव से उस ढोल से टकरातीं, जिससे 'ढम-ढम' की आवाज आ रही थी। दिन के शोर-शराबे में यह आवाज दूर तक नहीं जाती थी, लेकिन रात के सन्नाटे में बहुत भयानक लग रही थी।

मुकुल ने पास पड़ी एक लंबी लकड़ी की मदद से उस ढोल को डाल से नीचे गिरा दिया। उसे रोकने के लिए कोई जिन्न सामने नहीं आया। जिन्न का रहस्य तो खुल गया, लेकिन अब बड़ा सवाल यह था कि आखिर यह ढोल इतनी ऊंची डाल पर पहुंचा कैसे?

मुकुल ने जब ढोल को उलट-पुलट कर देखा। उस पर लाल रंग से लिखा था 'गोपाल कीर्तन मंडली, गांव-लक्ष्मीनगर' और नीचे एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मुकुल ने तुरंत अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उस नंबर पर फोन लगा दिया। फोन लक्ष्मीनगर के गोपाल जी ने उठाया। मुकुल ने जब उनसे बरगद के पेड़ वाले ढोल के बारे में पूछा, तो गोपाल जी चौंक गए और फिर राहत की सांस लेते हुए बोले, 'बेटा! बहुत-बहुत धन्यवाद। पांच दिन पहले हम सपरिवार उसी पेड़ के नीचे अपने पोते का मुंडन कराने आए थे। वहां हमने भजन-कीर्तन भी किया था। कीर्तन के बाद जब सब खाना खाने बैठे, तो छोटे बच्चे ढोल को जोर-जोर से पीटकर ऊधम मचाने लगे। ढोल कहीं फट न जाए, इसलिए एक रिश्तेदार ने उसे ऊपर बरगद के वृक्ष की एक ऊंची डाल के बीच में छिपाकर टांग दिया था। शाम को लौटते समय हम लोग ढोल वहीं भूल आए थे। कल आकर उसे ले लूंगा।' जिन्न का रहस्य खुल चुका था। पिंटू ने उस ढोल को अपने गले में टांग लिया और उसे जोर-जोर से बजाते हुए तीनों दोस्त गांव की ओर लौट पड़े। ढोल की आवाजें करीब आती देख गांव वाले बुरी तरह से घबरा गए, लेकिन बाद में असलियत जान सभी ने राहत की सांस ली और अपने आप पर हंसे भी। मुकुल की बुद्धिमानी ने गांव वालों के अंधविश्वास को दूर कर दिया था। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## पहलवान

सब मेवे कर गए सफाचट,
और दूध पी गए फटाफट।
दांव-पेंच सब इनको आते,
भांति-भांति के हाथ दिखाते।
मुग्दर-दंड उठाए अब तक,
लगा रहे अब उठक-बैठक।
ये शौकीन बड़े कुश्ती के,
सच में हैं पुतले चुस्ती के।
पहलवान इनसे थर्राते,
लड़ने जल्दी पास न आते।
जीत चुके हैं दंगल सारे,
कल के गामा यही हमारे।



## जीके क्विज-212

1. फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
3. हाल ही में किसे एक बार फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है?
4. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
5. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
7. यूक्रेन की राजधानी कहां है?
8. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहां स्थित है?
9. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (ग्लैंड)कौन-सी है?
10. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?



बच्चों, जीके क्विज-212 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-211 का उत्तर :** 1.बिहू पेपा, 2.स्मृति मंधाना, 3.ओम बिरला, 4.फुटबॉल, 5.मुंबई, 6. 5 वर्ष, 7.पोखरण (राजस्थान), 8.बहादुर शाह 'जफर', 9.सिक्किम, 10.जापान

**जीके क्विज-211 का सही उत्तर देने वाले :** संकेत-रायपुर, सुगंधा-बिलासपुर, कृष्णा-रोहतक, भारती-दुर्ग, जिया शिया-रायगढ़, कबीर-हिसार, अभिनीत-ईमेल से, सुमन-महासमुंद, कुशाग्र-दुर्ग, हर्षित-बलौदा बाजार, शिवम-रोहतक

## रंग भरो-205

**रंग भरो-205** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आशुतोष, उमरिया


आशना, जांजगीर



दिशा, बिलासपुर


यतिका, कोरबा


साक्षी, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
आद्या-उमरिया, प्रगति-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रेणुका-बिलासपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, शुभम-रायगढ़, अर्पित-कोरबा, सना-बलौदा बाजार, आशुतोष-दुर्ग, कुसुम-हिसार

## रंग भरो 206





बच्चो, यहां दिए गए सुंदर से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## सेक्टरवासियों ने लगाए आरोप- एचएसवीपी के अधिकारी ले-देकर कर रहे कार्रवाई

# सेक्टर-3 में कोठियों के बाहर बने अवैध निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त किया

**3 को भट्टू और 9 को टोहाना के सेक्टरों में की जाएगी कार्रवाई**






हुडा सैक्टर में अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने जिले के सेक्टरों में सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के पहले दिन वीरवार को फतेहाबाद शहर के सेक्टर-3 में अवैध कब्जों पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया गया। अधिकारियों के अनुसार पहले से दी गई चेतावनी और मुनादी के बाद करीब 90 प्रतिशत लोगों ने स्वयं ही अपने अवैध कब्जे हटा लिए, जबकि शेष स्थानों पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। हालांकि सैक्टरवासियों ने एचएसवीपी अधिकारियों पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी ले-देकर कार्रवाई कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अपने चहेतों का प्रोपर्टी डीलरों के मार्फत सेटिंग बिठाने वाले लोगों के अवैध अतिक्रमण और निजी पार्कों को छोड़ दिया गया है। एचएसवीपी अधिकारियों ने बताया कि अभियान को चरणबद्ध तरीके से पूरे जिले में चलाया जाएगा। इसके तहत 3 जुलाई को भट्टू और 9 जुलाई को टोहाना के सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने संबंधित क्षेत्रों के लोगों से पहले ही सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटाने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक सेक्टरों में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मकानों के आगे सार्वजनिक भूमि पर लोहे की ग्रिल लगाकर, चबूतरे बनाकर तथा बागवानी और सुरक्षा के नाम पर सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। कई जगह सडक़ किनारे और पार्किंग के लिए निर्धारित भूमि का भी निजी उपयोग किया जा रहा है। इससे न केवल आम लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि सेक्टरों का मूल नक्शा और नियोजित स्वरूप भी बिगड़ रहा है। कार्रवाई शुरू करने से पहले विभाग ने संबंधित क्षेत्रों में मुनादी कराकर लोगों को अंतिम अवसर दिया। इसका असर यह रहा कि अधिकांश लोगों ने स्वयं ही अपने कब्जे हटा लिए। जिन लोगों ने चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया, उनके मकानों के बाहर बने अवैध निर्माणों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया।

### लोगों ने उठाया चार फुट जगह छोडने का मुद्दा

अभियान के दौरान कुछ लोगों ने अधिकारियों के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले चार फुट तक जगह छोडने की बात कही गई थी, लेकिन अब उतनी जगह भी नहीं छोड़ी जा रही है। इस पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पहले एचएसवीपी अपने स्तर पर सीमित कार्रवाई करता था, लेकिन अब यह अभियान पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में चलाया जा रहा है। इसलिए सार्वजनिक भूमि पर किए गए सभी अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है।

### सार्वजनिक भूमि पर कब्जे नहीं होंगे बर्दाश्त

एचएसवीपी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान केवल सरकारी और सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण ही हटाए जा रहे हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे कार्रवाई से पहले स्वयं अपने कब्जे हटा लें, ताकि अनावश्यक आर्थिक नुकसान और प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके। विभाग का कहना है कि जिले के सभी सेक्टरों में सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# फतेहाबाद में एडीसी, रतिया व टोहाना में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार गुरूवार को फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में समाधान शिविर आयोजित किए गए। फतेहाबाद में एडीसी अनुराग ढालिया, रतिया में एसडीएम सुरेन्द्र सिंह और टोहाना में एसडीएम आकाश शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना है ताकि लोगों को राहत मिले। फतेहाबाद लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एडीसी अनुराग ढालिया ने शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

### समाधान शिविर लोगों व प्रशासन के बीच विश्वास का माध्यम

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों और प्रशासन के बीच विश्वास का सशक्त माध्यम हैं। इसलिए प्रत्येक अधिकारी पूरी संवेदनशीलता, जवाबदेही और सकारात्मक सोच के साथ शिकायतों का निस्तारण करें। एडीसी अनुराग ढालिया ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता नागरिकों को सुशासन का अनुभव कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। इस अवसर एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीएसपी कुलवंत सिंह, डिप्टी सीएमओ मेजर डा. शरद तूली, कार्यकारी अभियंता राहुल चहल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी के मामले का पर्दाफाश पुलिस ने दो आरोपी दबोचे

**फतेहाबाद।** बंद मकान में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकुश पुत्र रोहताश निवासी गांव मल्हड़ तथा राजेश कुमार पुत्र लख्मी चंद निवासी गांव ढांड के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद राय ने बताया कि शिकायतकर्ता उमेद सिंह निवासी गांव मल्हड़ 27 जून को अपने परिवार सहित किसी कार्य से फतेहाबाद गया हुआ था। दोपहर करीब 1 बजे जब वह वापस घर लौटा तो उसने देखा कि मकान का मुख्य ताला टूटा हुआ था तथा संदूक और अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से एक मंगलसूत्र, एक पाजेब तथा कानों की एक जोड़ी बालियां चोरी होना पाया गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना तंत्र एवं अन्य तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ के दौरान आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई। चोरी किए गए आभूषणों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। दोनों आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## जेल लोक अदालत का आयोजन, एक बंदी रिहा

**सिरसा।** स्थानीय जिला जेल में वीरवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल पांच मामले रखे गए जिनमें से एक का निपटारा करते हुए बंदी को रिहा किया गया है। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत का आयोजन प्रत्येक माह दो बार किया जाता है, जो माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को आयोजित होती है। इस लोक अदालत का उद्देश्य छोटे मामलों में लंबे समय से जेल में बंद बंदियों को शीघ्र न्याय प्रदान करना है।

## किन्नर समाज से आह्वान, आपकी बेटी हमारी बेटी' योजना का करें प्रचार

**टोहाना।** समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वीरवार को एसडीएम आकाश शर्मा की उपस्थिति में किन्नर समाज के प्रतिनिधियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हरियाणा सरकार की 'आपकी बेटी हमारी बेटी' योजना की जानकारी देते हुए किन्नर समाज के प्रतिनिधियों को योजना से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया गया। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि बेटा और बेटी दोनों समान हैं तथा दोनों को समान सम्मान, अवसर और अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई स्थानों पर पुत्र जन्म को अधिक महत्व दिया जाता है।

# मां वैष्णो देवी मंदिर से चोरी की वारदात का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- आरोपी के की जा रही पूछताछ
- चोरी हुए सामान और नकदी बरामदगी के लिए प्रयास जारी

मां वैष्णो देवी मंदिर से दान-पात्र, नकदी एवं धातु का घंटा चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर पुत्र सतीश निवासी हंस कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद में दर्ज शिकायत के अनुसार ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसायटी, भट्टू रोड स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी ने बताया कि 30 जून की रात करीब 10 बजे वह मंदिर में ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब 5 बजे मंदिर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि शिवालय में रखा दान-पात्र, जिसमें लगभग 15 से 20 हजार रुपये की दान राशि थी, गायब था। इसके अलावा शिवालय में लगा करीब 5 किलोग्राम वजनी धातु का घंटा भी चोरी हो चुका था। अपने स्तर पर तलाश करने के बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।



फतेहाबाद। मंदिर में चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक।

# विद्यार्थियों ने पल्स पोलियो अभियान में निभाई सहभागिता

## विभिन्न पोलियो बूथों एवं फील्ड क्षेत्रों में किया गया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पल्स पोलिया अभियान में भाग लेते शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अहरवां के विद्यार्थी।

शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अहरवां के बीएससी. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर एवं जीएनएम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रतिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान में उत्साह, समर्पण एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सक्रिय सहभागिता निभाई। महाविद्यालय के प्रबंधन ने विद्यार्थियों को इस जनहितकारी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न पोलियो बूथों एवं फील्ड क्षेत्रों में नियुक्त किया गया। विद्यार्थियों ने बूथों पर बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाने के साथ-साथ घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई, ताकि कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण अभियान से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को नियमित टीकाकरण, पोलियो उन्मूलन तथा प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की खुराक दिलाने के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस फील्ड प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं, स्वास्थ्य शिक्षा, जनसंपर्क, टीमवर्क तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने सेवा-भावना, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं व्यावसायिक दक्षता का उत्कृष्ट परिचय देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। अभियान के दौरान नर्सिंग ऑफिसर सुदेश, सीएचओ राजेश कुमार तथा एसोसिएट प्रोफेसर अमनदीप कौर के मार्गदर्शन एवं सतत पर्यवेक्षण में विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### निभाते रहेंगे भूमिका

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, सेवा-भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, व्यावसायिक दक्षता तथा समाज सेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महाविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी उत्साह, समर्पण एवं सेवा-भावना के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में अपनी सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाते रहेंगे।

# जानलेवा हमले के मामले में आरोपी बॉबी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जानलेवा हमले के एक मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान खुशदीप उर्फ बाबी निवासी वार्ड नंबर 4, रतिया के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही दबोच चुकी है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि यह वारदात 17 फरवरी की शाम को हुई थी। पीड़ित युवक रतिया के हनुमान चौक पर अपने एक परिचित के साथ खड़ा था। इसी दौरान कई युवक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश या अचानक आए हमलावरों ने तलवार, गंडासी, लोहे की रॉड तथा डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर एकत्रित होने लगे, तो सभी हमलावर वहां से फरार हो गए। घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए पहले सरकारी अस्पताल रतिया ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# हरियाणा उदय अभियान से जुड़ेगा जन-जन : डीसी

## हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के प्रदेशभर में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम

- प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित हरियाणा उदय अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आगामी 11 जुलाई को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संगठनों, एनजीओ, मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों एवं जिलों से व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की। वीसी के उपरांत अधिकारियों को संबोधित करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि हरियाणा उदय अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोडक़र सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं की ऊर्जा का रचनात्मक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता एवं प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

### अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत जरूरी

उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनता है। नशे के कारण अनेक सामाजिक एवं आपराधिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन के लिए सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने बताया कि पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में फतेहाबाद जिले से विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों तथा मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य भी भाग लेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, एसडीएम राजेश कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में उपनिदेशक अमित पंवार, डीआईओ सिकंदर, डीपीसी बलवान सिंह आदि संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# लिपिकों को मिली तीन अतिरिक्त वेतन वृद्धियां, कर्मचारियों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



हरियाणा सरकार के वित्त विभाग द्वारा क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा की मांग को स्वीकार करते हुए प्रदेश के लिपिक वर्ग को तीन अतिरिक्त वेतन वृद्धियां यानि इन्क्रीमेंट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से प्रदेशभर के लिपिकीय कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। सीएडब्ल्यूएस फतेहाबाद के जिला प्रधान संदीप पुनिया ने इस उपलब्धि का श्रेय संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और एकजुटता के कारण यह सफलता संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि संगठन आज लिपिकीय कर्मचारियों की एकता, सम्मान और अधिकारों की मजबूत आवाज बनकर उभरा है। संदीप पुनिया ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय मजदूर संघ के निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग तथा प्रदेशभर के हजारों लिपिकीय कर्मचारियों की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर हरियाणा सरकार ने कर्मचारी हित में सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने हरियाणा सरकार और भारतीय मजदूर संघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने लिपिक वर्ग की मांगों पर गंभीरता से विचार कर कर्मचारी हितैषी निर्णय लिया है।

# हरियाणा अंडर-11 शतरंज चैम्पियनशिप में क्रेसण्ट के विहान बने स्टेट चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** विजेता छात्र विहान को बधाई देते क्रेसंट स्कूल प्रधानाचार्या।

मेहनत जब प्रतिभा का हाथ थाम ले, तो सफलता इतिहास रच देती है। इसी विश्वास को साकार करते हुए क्रेसण्ट स्कूल के होनहार छात्र विहान ने 30वीं हरियाणा स्टेट अंडर-11 ओपन शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। विहान की इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकगण एवं पूरे जिले में हर्ष का वातावरण छा गया। करनाल में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए 60 खिलाडिय़ों ने भाग लिया। विहान ने सात राउंड में 6 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे टूर्नामेंट में विहान ने बेहतरीन रणनीति, संयम एवं आत्मविश्वास का परिचय देते हुए मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ विहान ने 1755 की प्रभावशाली परफॉर्मेंस रेटिंग भी हासिल की। इस जीत के साथ विहान ने 2 से 8 अगस्त तक मंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित होने वाली 39वीं राष्ट्रीय अंडर-11 ओपन शतरंज चैंपियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चित करते हुए हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विहान को बधाई देते हुए कहा कि क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को सही मंच प्रदान करना है। विहान ने अपने अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध कर दिया है कि लगन के सामने कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होता।

## सीवर-सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई के लिए यूनिट गठित

# बिना सुरक्षा उपकरण कर्मचारी को नहीं उतारा जाएगा

- भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुरूप लागू की गई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन।

जिले में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई अब अधिक सुरक्षित तरीके से कराई जाएगी। मैनुअल स्कैवेंजिंग जैसी खतरनाक प्रथा पर पूरी तरह रोक लगाने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर इमरजेंसी सेनेटेशन रिस्पॉन्स यूनिट का गठन किया गया है। यह व्यवस्था भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की गाइडलाइन तथा हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुरूप लागू की गई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन ने बताया कि उपायुक्त फतेहाबाद को जिले का रिस्पॉन्सिबल सेनेटेशन अथॉरिटी नियुक्त किया गया है। अलावा संबंधित नगर समितियों और खंड विकास कार्यालयों के अधिकारियों को शामिल किया गया है।

### आधुनिक मशीनों और सुरक्षा उपकरणों से लैस किया जाएगा

उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में नमस्ते योजना के तहत नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी निभाएंगे। योजना का उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की टीम उपलब्ध कराना है, जिन्हें आधुनिक मशीनों और सुरक्षा उपकरणों से लैस किया जाएगा। इससे किसी भी कर्मचारी को बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर या सेप्टिक टैंक में उतरने की आवश्यकता नहीं होगी और हादसों की आशंका को काफी हद तक रोका जा सकेगा। कार्यकारी अभियंता ने नागरिकों से भी अपील की कि सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति या शिकायत की सूचना तुरंत विभाग को दें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शिकायत एवं सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 01667-220224 जारी किया है। इस नंबर पर सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई से जुड़ी शिकायतें और आपातकालीन सूचना दर्ज कराई जा सकती हैं।

### 100 प्रतिशत नुकसान पर भी सिर्फ नाममात्र राहत का आरोप

# 25 गांवों में बकाया मुआवजे और बीमा क्लेम को लेकर किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी फसलों के लंबे समय से बकाया बीमा क्लेम और जलभराव के कारण हुए भारी नुकसान के उचित मुआवजे की मांग को लेकर आज फतेहाबाद, भूना और भट्टू कलां के किसानों ने जिला मुख्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान नेता राजेन्द्र प्रसाद बाटू ने की तथा संचालन सुभाष चन्द्र भादू ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा, रामस्वरूप ढाणी गोपाल, मा. हनुमान सिंह व पवन भूथन ने भाग लिया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने डीसी को मांग पत्र सौंपकर बकाया बीमा क्लेम और जलभराव का मुआवजा तुरंत प्रभाव से जारी करने की मांग की है। डीसी ने किसानों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने बीमा कंपनियों और प्रशासनिक रवैए पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों द्वारा फतेहाबाद तहसील, भूना और भट्टू कलां इलाके के करीब 25 गांवों के किसानों की लाखों एकड़ जलमग्न भूमि का करोड़ों रुपया प्रीमियम के नाम पर खातों से जबरन काट लिया गया। लेकिन जब किसानों को राहत देने का समय आया, तो वर्ष 2023, 2024 और 2025 का नाममात्र का क्लेम व जलभराव का मुआवजा घोषित किया गया, जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। उपायुक्त को सौंपे गए मांग पत्र में किसानों ने आरोप लगाया कि एक सुनियोजित साजिश के तहत क्षेत्र के बहुत बड़े हिस्से को सरकारी रिपोर्ट में महज 0 से 25 प्रतिशत तक का खराबा (नुकसान) दिखाकर क्लेम व उचित मुआवजे की पात्रता से पूरी तरह वंचित कर दिया गया है। किसानों ने कहा कि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है, जहां खेतों में कई महीनों तक पानी जमा रहने के कारण फसलें पूरी तरह सड़ चुकी थीं। भूना और भट्टू कलां इलाके के अंतर्गत आने वाले गांव भूथन, कुम्हारिया, बड़ोपल, धांगड़, चिन्दड़, खाराखेड़ी, भोड़ा, ढाण्ड, किरढान, शेखुपुर दड़ोली, खाबड़ा कलां, ढाबी कलां, ढाबी खुर्द, जाण्डवाला, दैयड़, ठुईयां, पीलीमन्दोरी, मेहूवाला, बनगांव आदि गांवों में जलभराव से भारी तबाही हुई थी। कई जगह तो नुकसान का आंकड़ा 80 से 90 प्रतिशत और कुछ स्थानों पर शत-प्रतिशत था। किसान सभा की जिला कमेटी फतेहाबाद तथा तहसील कमेटी भूना, फतेहाबाद व भट्टू कलां के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से उपायुक्त से मांग की है कि इस फर्जी खराबा रिपोर्ट को तुरंत दुरुस्त कर किसानों का वास्तविक बकाया बीमा क्लेम और जलभराव का मुआवजा तुरंत प्रभाव से जारी किया जाए।


फतेहाबाद। डीसी को मांग पत्र सौंपते किसान नेता। फोटो: हरिभूमि

### भारतीय मजदूर संघ की सरकार को दो टूक

## घोषणाएं नहीं, कर्मचारियों, श्रमिकों को उनके अधिकार चाहिए

**सिरसा।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर जिला मुख्यालय पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अनुबंधित कर्मियों, कच्चे कर्मचारियों, श्रमिकों एवं महिला कार्यकतार्ओं ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों, सेवा सुरक्षा, समान वेतन, नियमितीकरण तथा श्रमिक अधिकारों को लेकर विशाल एवं शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम विस्तृत मांग-पत्र सौंपते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश लूना की अध्यक्षता में जिला मंत्री चरणजीत वर्मा ने किया। प्रदर्शन में कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार वादा निभाओ, कर्मचारियों का शोषण बंद करो, समान कार्य-समान वेतन लागू करो, सेवा सुरक्षा हमारा अधिकार है तथा भारतीय मजदूर संघ जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

**ज्ञापन में ये हैं मांगें:** ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि प्रदेश के सभी कच्चे कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए तथा अन्य सभी अनुबंधित कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करते हुए उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन, सेवा सुरक्षा एवं सभी वैधानिक सुविधाएं प्रदान की जाएं।


सिरसा। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी।


फतेहाबाद। खेत में ट्रैक्टर चलाते भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो: हरिभूमि

## खेत में ट्रैक्टर चलाकर धान की बिजाई में जुटे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- किसानों के परिश्रम को किया नमन

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने अपने हलके के दौरे के दौरान गांव भूथन पहुंचकर किसानों के साथ समय बिताया और खेती-किसानी से जुडकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने युवा कार्यकर्ता संदीप ताखर के खेत में स्वयं ट्रैक्टर चलाकर धान की बिजाई के लिए भूमि तैयार की तथा खेती के कार्यों में हाथ बंटाया। भाजपा कार्यकर्ताओं और खेत में कार्यरत कृषि श्रमिकों ने उनका स्वागत किया।

प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों और खेत-खलिहानों में बसती है तथा देश की समृद्धि का आधार अन्नदाता किसान हैं। किसान विपरीत परिस्थितियों में भी दिन-रात मेहनत कर देश का अन्न भंडार भरने का कार्य करते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने किसानों और कृषि श्रमिकों के परिश्रम को नमन करते हुए कहा कि धरती से जुड़ाव ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और खेती हमारी संस्कृति तथा अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही हैं। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, फसल उत्पादन बढ़ाने के प्रयास, कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा तथा विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं के माध्यम से खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और खेती को अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और विश्वास दिलाया कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा तथा कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लिपिकों को मिली तीन अतिरिक्त वेतनवृद्धि

**सिरसा।** हरियाणा सरकार के वित्त विभाग ने क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी हरियाणा के अनुमोदन पर लिपिक वर्ग को अतिरिक्त वेतनवृद्धि देकर राहत दी है। सीएडब्ल्यूएस के जिला प्रधान ने बताया कि यह सफलता प्रदेश के हजारों लिपिक कर्मचारियों की एकजुटता का परिणाम है। इसके लिए सीएडब्ल्यूएस ने सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने लिपिक वर्ग की मांग पर गंभीरता से विचार कर यह कर्मचारी हितैषी फैसला लिया। सीएडब्ल्यूएस हरियाणा सरकार से अपेक्षा करती है कि भविष्य में भी लिपिकीय वर्ग के लिए इस प्रकार के हितैषी निर्णय लिये जाते रहेंगे।

### एमए मनोविज्ञान में आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा का मनोविज्ञान विभाग वर्ष 2023 में स्थापित किया गया। स्थापना के बाद से विभाग विद्यार्थियों को मानवीय व्यवहार, मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान की गहन समझ प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजू बाला ढुल ने बताया कि विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित करना है।

### बंदियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारतीय कौशल विकास शिक्षा परिषद के सहयोग से वीरवार को जिला जेल में जेल इनमेट्स के लिए 35 दिन का कंप्यूटर कोर्स द्वारा आरंभ करवाया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बगोतिया ने बताया कि कोर्ट में 25 से 30 जेल इनमेट्स ने भाग ले रहे हैं और इन्हें 35 दिनों के कोर्स बेसिक कंप्यूटर जानकारी, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर अन्य के बारे मे ट्रेनिंग दी जाएगी।

भारतीय कौशल विकास शिक्षा परिषद के ट्रेनर के तौर पर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने ट्रेनिंग शुरू कारवाई और इससे कोर्स के फायदे भी बताए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## फतेहाबाद में गुंडागर्दी, कॉलेज के पास कार सवार बदमाशों ने युवकों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, मुख्य आरोपी रिहान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के एमएम कॉलेज के पास दिनदिहाड़े मोटरसाइकिल सवार युवकों पर कार चढ़ाकर जानलेवा हमला करने और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर बस अड्डा पुलिस चौकी ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी जामदली उर्फ रिहान खान को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी अग्रसेन कॉलोनी का रहने वाला है और उस पर पहले से ही आर्म्स एक्ट और नशा तस्करी जैसे पांच गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

यह वारदात 1 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे हुई। शिकायतकर्ता अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रतिया चुंगी की तरफ जा रहा था। जैसे ही वे एमएम कॉलेज के नजदीक एफसीआई गोदाम के पास पहुंचे, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों युवक सडक़ पर गिर गए। इसके बाद कार से उतरे बदमाशों ने उन पर लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों युवक लहूलुहान हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को संभाला और तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सबूतों के आधार पर मुख्य आरोपी को दबोच लिया है। वारदात में शामिल अन्य फरार बदमाशों की पहचान की जा चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। थाना प्रभारी ने साफ लहजे में चेतावनी दी है कि शहर में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले और गुंडागर्दी फैलाने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही बाकी आरोपी भी सलाखों के पीछे होंगे।


फतेहाबाद। मारपीट के आरोप में गिरफ्तार युवक।

### आपसी सहयोग से अपराध पर अंकुश संभवः एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने वीरवार को पुलिस पब्लिक कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और नशा विरोधी अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के आपसी सहयोग से ही अपराध तथा नशे पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। एसपी ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों से अपने संस्थानों पर प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करने और उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही जरूरी है।

## न्यूज डायरी



### चिकित्सक दिवस पर हेल्थ कैंप, मरीजों ने उठाया लाभ

**सिरसा।** चिकित्सक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब सिरसा आस्था की ओर से मेगा मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 100 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। कैंप में डॉ. रक्षित अग्रवाल, डॉ. निकिता अग्रवाल और डॉ. लक्ष्मी प्रिया ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह दी। चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर जांच करवाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन चंद्रशेखर मेहता मुख्य अतिथि रहे, जबकि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन हरदीप सरकारिया गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे।



### मेडिकल विंग के विस्तार में अरविंद मोंगा बने सलाहकार

**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने समाज हित और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी मेडिकल विंग का विस्तार किया है। अनाज मण्डी स्थित संगठन के कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान समाज के प्रबुद्ध सदस्य अरविंद मोंगा को मेडिकल विंग का सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने की, जबकि विशेष तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहब दयाल वधवा ने शिरकत कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद मेडिकल विंग की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस नई कार्यकारिणी में कशिश मेहता, रवि मेहता, दीपांशु मदान, राजकुमार सेठी, नरेश ग्रोवर, ओम्पी अरोड़ा, आशीष मोंगा जैकी, हिमांशु आनन्द, सचिन ग्रोवर, अशोक खुराना, उपेंद्र आनंद, कुणाल भाटिया, ऋतिक तनेजा, डॉ. शशि मेहता, नीरज सचदेवा और रवि सचदेवा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहब दयाल वधवा और प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि यह नई टीम समाज सेवा के कार्यों को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

### कर्मचारियों ने छेड़ा आर-पार का आंदोलन

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा 13 मई को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा तथा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के साथ हुए समझौते को लागू नहीं किए जाने के विरोध में कर्मचारियों का आंदोलन तेज हो गया है। प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत 1 व 2 जुलाई को नगरपालिका कर्मचारियों ने झाड़ू प्रदर्शन किए, जबकि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने सभी फायर स्टेशनों पर गेट मीटिंग आयोजित कर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। आंदोलन के अगले चरण के तहत 7 जुलाई को अनाज मंडी, सिरसा में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की जिला स्तरीय रैली आयोजित की जाएगी। रैली को यूनियन के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री संबोधित करेंगे। इस रैली में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, जिला सिरसा की जिला कमेटी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में भागीदारी करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, जिला सिरसा के जिला प्रधान मदन लाल खोथ तथा ब्लॉक प्रधान ललित सोलंकी ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी कर रही है।

## डॉ. अनीता सिंह ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डॉ. अनीता सिंह ने राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के प्राचार्या का कार्यभार संभाल लिया। कॉलेज पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि डॉ अनीता सिंह 2001 से निरंतर उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में बतौर प्राध्यापक हरियाणा के विभिन्न महाविद्यालयों में अपने सेवाए दे रही हैं। इससे पूर्व डॉ. अनीता सिंह राजकीय महाविद्यालय पंचकुला सेक्टर एक में बतौर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सेवारत थीं। 25 वर्षों के शैक्षणिक अनुभव के उपरांत उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा पदोन्नति पाकर प्राचार्या के रूप में राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर नवनियुक्त प्राचार्या डॉ. अनीता सिंह ने कॉलेज परिवार से कहा कि सभी के सांझा सहयोग से महाविद्यालय के विकास का पहिया निरंतर गतिमान रहेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संस्था को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नए आयाम स्थापित किए जाएंगे।


सिरसा। डॉ. अनीता सिंह का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।


चोपटा। सेवानिवृत्ति पर जेई मनोहर लाल को सम्मानित करते।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन

**चोपटा।** गांव रुपाणा बिश्नोईयान के निवासी एवं विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोहर लाल के सेवानिवृत्त होने पर गांव में उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल एवं सुखमय जीवन की कामना की। मनोहर लाल ने अपने सेवाकाल में विद्युत विभाग में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया। उन्होंने लगभग 18 वर्षों तक थर्मल पावर प्लांट में व चार वर्ष डिंग मोड़ बिजली घर में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और बेदाग कार्यशैली के कारण वे सहकर्मियों और क्षेत्रवासियों के बीच विशेष पहचान रखते हैं। गांव के मंदिर प्रागण में पौधारोपण किया।

### किसानों का संघर्ष लाया रंग, शेरांवाली नहर में छोड़ा पानी

**चोपटा।** क्षेत्र से गुजरने वाली शेरांवाली नहर में सिंचाई विभाग ने वीरवार को पानी छोड़ दिया। नहरी पानी की कटौती को लेकर किसानों ने नहराना हैड पर बुधवार को धरना शुरू किया था। किसानों ने पानी की मांग को लेकर बुधवार रात्रि को भी धरना जारी रखा। वीरवार सुबह से ही किसानों ने पानी की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। नहरी विभाग ने नाहर में पानी छोड़ दिया। किसानों का कहना है कि शेरावाली नहर में पानी तीन दिन पहले आना चाहिए था, उनकी धान की बिजाई लेट हो रही है। इसको लेकर रोष स्वरूप किसानों ने नहराणा हैड पर धरना शुरू कर दिया और सरकार व सिंचाई विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान किसानों ने सिंचाई विभाग को अल्टीमेटम दिया कि वीरवार 12 बजे तक पानी नहीं छोड़ा तो खुद ही हैड के फट्टे उठा देंगे। किसान नेता रणधीर जोधकां, सुरेंद्र महरिया, रमन कुमार, अरविंद गोदारा, करनैल सिंह कैरांवाली, अशोक कुमार, विनोद कुमार, अश्विनी, राकेश, संजय, मुकेश, राजेश कुमार, राजेंद्र, महावीर, रमेश कुमार, अशोक कुमार, संजय बेनीवाल, सुरेश कुमार सहित कैंरावाली और दड़बा कलां के किसानों ने बताया कि सिंचाई पानी की कटौती के बाद धान की बिजाई रुकी हुई है और शेंरावाली नहर में 29 जून को पानी छोड़ा जाना था लेकिन अब पानी नहीं छोड़ा गया।

### नाबालिग छात्रा का पीछा कर परेशान करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग छात्रा का लगातार पीछा कर उसे मानसिक रूप से परेशान करने वाले आरोपी को महिला थाना पुलिस फतेहाबाद ने गिरफ्तार कर लिया है। फतेहाबाद पुलिस का साफ कहना है कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह ने बताया कि पुलिस को इस संबंध में एक महिला द्वारा लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया था कि एक युवक पिछले करीब एक वर्ष से उसकी नाबालिग बेटी का लगातार पीछा कर रहा था और उसे तरह-तरह से परेशान कर रहा था। आरोपी की इस प्रताडऩा और हरकतों के कारण पीड़ित छात्रा और उसका पूरा परिवार लंबे समय से गहरे मानसिक तनाव व परेशानी से गुजर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने शिकायत मिलते ही तुरंत एक्शन लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 30 जून के तहत बीएनएस की धारा तथा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच प्रक्रिया के दौरान तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने नामजद आरोपी बंटी पुत्र बलदेव, निवासी गांव अहलीसदर को काबू कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

## सिरसा से दिल्ली नई इंटरसिटी, शिवगंगा एक्सप्रेस के विस्तार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा से दिल्ली के लिए नई इंटरसिटी ट्रेन चलाने और वाराणसी-नई दिल्ली शिवगंगा एक्सप्रेस का विस्तार सिरसा तक करवाने की मांग को लेकर श्री ब्राह्मण सभा के प्रधान अर्जुन शर्मा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता को एक मांग पत्र सौंपा है। इस पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि सिरसा के रणनीतिक, एयरफोर्स हैडक्वाटर, धार्मिक व व्यापारिक महत्व को देखते हुए सिरसा से हिसार-हांसी-महम होते हुए नई दिल्ली तक एक ऐसी इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाए जो सुबह 4.30 बजे प्रस्थान कर 9 बजे दिल्ली पहुंचाए और शाम 5 बजे वापस चलकर रात 10 बजे सिरसा लौटे, ताकि क्षेत्र के व्यापारी व आमजन 8 घंटे के अंतराल में अपना काम निपटाकर उसी दिन घर लौट सकें। श्री ब्राह्मण सभा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर इस मांग को पूरा कराने में अहम भूमिका निभाने की अपील की है।

### हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह ने सुनी समस्याएं

# सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए आयोग प्रतिबद्धः चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को मास्क दस्ताने व दूसरे सुरक्षा उपकरण हर हाल में उपलब्ध होने चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न आए। आयोग का कार्य सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्य करना है। वे वीरवार को स्थानीय पंचायत भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में आयोग के उपाध्यक्ष डा. भारत भूषण, सदस्य चंद्र प्रकाश बोस्ती, नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप, पार्षद सुमन शर्मा, पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता गौरव भारद्वाज व डीपीएम सुखविंद्र मौजूद रहे। चेयरमैन ईश्वर सिंह ने कहा कि आयोग सफाई कर्मचारियों के परिवारों के सामाजिक स्तर को उठाने, उनके बच्चों को शिक्षित करने और रोजगार कोर्स से जोडऩे के लिए भी कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आयोग का फैसला सभी सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कर और उनके ईलाज करवाने का है। इस दिशा में प्रदेश के 13 जिलों में सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए हेल्थ कैंप लगाए गए हैं, जिनमें सिरसा में भी एक जुलाई से शहरी क्षेत्र में छह स्थानों पर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचसी और सीएचसी में स्वास्थ्य जांच की जा रही है।


सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते चेयरमैन ईश्वर सिंह। फोटो: हरिभूमि

### ये भी बोले ईश्वर सिंह

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी इस बात का ध्यान रखें कि उनके बच्चे ऐसी संगत से बचें जो उन्हें नशे की दलदल की तरफ ले जा सकती है। हरियाणा और केंद्र सरकार की कई स्कीमें उन्हें रोजगार से जोड़ सकती है और इस दिशा में भी कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सफाई कर्मचारियों के हितों में कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत आए तो वे निसंकोच आयोग को लिखें और अपनी बात को कभी भी रख सकते हैं।